Irrigation Projects during Eighth Five Year Plan

1661. SHRI KAMAL MORARKA : Will the Minister of PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION be pleased to state :

(a) what are the details of the irrigation projects that have been approved by Planning Commission for execution during the Eighth Five Year Plan; and

(b) what are the details of funds allocated for these projects State-wise and project-wise ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION (SHRI H. R. BHARDWAJ) : (a) and (b) The Eighth Five Year Plan is yet to be finalised.

ग्रामीण और शहरी गरीबी-रेखा के निर्धारण हेतु मानदंड

1662. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री 9 मार्च, 1992 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1729 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में गरीबी की रेखा के निर्धारण के अलग-अलग मानदंड और आधार क्या हैं ;

(ख) क्या सरकार इन मानदंडों को बदलने का विचार रखती है; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

योजना और कार्यक्रम मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) गरीबी की रेखा को परिभाषित करने के लिए उपयोग किए गए मानदंड को, न्यूनतम आवश्यकता और प्रभावी उपयोग मांग संबंधी कृतिक बल द्वारा 1973-74 की कीमतों पर ग्रामीण क्षेत्रों में 49.09 रुपए और शहरी क्षेत्रों में 56.64 रुपए प्रति व्यक्ति मासिक व्यय के अनुसार सिफारिश की गई थी । गरीबी रेखा का राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी से प्राप्त निजी उपभोग डिफलेटर से प्रयोग करते हुए मूल्य वृद्धि के लिए समय-समय पर अद्यतन किया जाता है ।

(ख) और (ग) गरीबों का अनुपात और संख्या का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ दल नियुक्त किया गया है जो गरीबी के आकलन की कार्यविधि की जांच एवं गरीबी रेखा को, यदि आवश्यक हो, तो पुनः परिभाषित करने की भी जांच करेगा । विशेषज्ञ दल की सिफारिशों की प्रतीक्षा है ।

विभिन्न विभागों के कंप्यूटर नेटवर्कों के बीच समन्वय

1663. **श्री अजीत जोगी :**
कुमारी आलिया :

क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विज्ञान और प्रौद्योगिकी, इलैक्ट्रानिकी, दूर संचार विभागों और राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के कंप्यूटर नेटवर्कों के बीच कितना समन्वय है ;

(ख) क्या इन सभी नेटवर्कों में हिन्दी में संचार और प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध हैं ;

(ग) यदि हां, तो इन सुविधाओं का कितना उपयोग किया जा रहा है ;

(घ) यदि नहीं, तो ये सुविधाएं कब तक उपलब्ध करा दी जाएंगी ;

(ङ) क्या इन सभी नेटवर्कों को विदेशी नेटवर्कों के साथ जोड़ा जा सकता है और क्या इन नेटवर्कों में जानकारी का आदान-प्रदान संभव है ;

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(छ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री हंसराज भारद्वाज) : (क) 550 अर्थ स्टेशनों और जिला मुख्यालयों, राज्य की राजधानियों आदि में अनेक कम्प्यूटरों के साथ